भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3988
17 मार्च, 2026 को उत्तर के लिए

'सेल' द्वारा बंद किए गए विद्यालय

3988. **श्री दुलू महतोः**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने धनबाद लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत बोकारो में लगभग 18 विद्यालयों को बंद कर दिया है जिससे शिक्षा के अधिकार (आरटीई) की परिकल्पना कमजोर हो रही है;

(ख) क्या सरकार यह मानती है कि इन विद्यालयों के बंद होने से शिक्षा का अधिकार अधिनियम के उद्देश्यों के विपरीत बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समान अवसरों से वंचित कर दिया गया है;

(ग) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि माता-पिता अपने बच्चों को निजी विद्यालयों में भेजने के लिए बाध्य होते हैं जिसके परिणामस्वरूप परिवारों पर भारी वित्तीय बोझ पड़ता है;

(घ) क्या सरकार यह स्पष्ट कर सकती है कि किस स्तर के प्राधिकारी ने इन्हें बंद करने का निर्णय लिया था और क्या इस संबंध में स्थानीय समुदायों या प्रतिनिधियों से परामर्श किया गया था; और

(ङ) क्या सरकार का बच्चों की शिक्षा की सुरक्षा के लिए सेल को उक्त विद्यालयों को तत्काल पुनः खोलने का निदेश देने का विचार है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री भूपतिराजु श्रीनिवास वर्मा)**

(क) से (ङ): स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने मुख्यत: अपने संयंत्रों के आसपास कर्मचारियों और स्थानीय समुदाय के कल्याण के लिए विद्यालयों सहित टाउनशिप अवसंरचना का विकास किया है।

हाल के वर्षों में, सेल ने कार्यबल के बदलते स्वरूप, जनसांख्यिकीय परिवर्तनों और प्रचालन दक्षता बढ़ाने की आवश्यकता के अनुरूप कुछ गैर-आवश्यक सुविधाओं और टाउनशिप सेवाओं की समीक्षा और युक्तिसंगत किया है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत बोकारो टाउनशिप में शैक्षणिक सुविधाओं के उपयोग की भी समीक्षा की गई है।

नामांकन के रुझान और अवसंरचना उपयोग के आधार पर, कुछ विद्यालयों का पुनर्गठन या विलय किया गया है, तथा छात्रों और शिक्षकों को आस-पास के अन्य सेल विद्यालयों में समुचित रूप से समायोजित किया गया है। ये उपाय बेहतर शैक्षणिक परिणाम और संसाधनों के प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किए गए हैं।

बोकारो टाउनशिप क्षेत्र में सेल द्वारा संचालित विद्यालयों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र में संचालित सरकारी और निजी संस्थानों के माध्यम से शैक्षणिक सुविधाएँ उपलब्ध रहेगी।

विद्यालय सहित टाउनशिप सुविधाओं के परिचालन संबंधी निर्णय संबंधित सेल इकाई के प्रबंधन द्वारा स्थापित नीतियों और आवश्यकताओं के अनुसार लिए जाते हैं।

*****